No.of Printed Pages/Questions: 7/ 11

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

HalfYearlyExamination - (2026–2027)

Class III / Section: -------- **MM: 50**

Subject: Hindi **Time: 2 Hrs.**

Name: _____ Roll No.:_____

Invigilator sign: ---------- Marks Obtained: ---------- Examiner Sign: ---------

---

(Fifteen minutes Extra will be given for reading the question paper.)

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न-पत्र में चार खंड है- खण्ड 'अ' ,खण्ड 'ब' और खण्ड 'स' ,खण्ड 'द' |

2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |

3 यथासंभव चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |

खण्ड 'अ'

प्रश्न 1 अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए | **(1x5 =5)**

भारत में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें दशहरा का विशेष महत्व है | इसे विजयादशमी भी कहते हैं क्योंकि इसदिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और धर्म की विजय हुई थी | इसीलिए यह पर्व सत्य और अच्छाई कीविजय का प्रतीक माना जाता है | दशहरे से पहले नौ दिन तक नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है | दशहरे के दिन जगह-जगह रामलीला का मंचन किया जाता है और रावण के पुतले जलाए जाते हैं | लोग बड़े उत्साह से इस पर्व को मनाते हैं |यह पर्व हमें यह शिक्षा देता है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में अच्छाई की जीत होती है |

(क) कहाँ अनेक त्योहार मनाए जाते हैं ?

(अ) चीन (ब) भारत

(स) जापान (द) अमरीका

(ख) किस त्योहार को विजयादशमी भी कहते हैं ?

(अ) दशहरा (ब) दीवाली

(स) होली (द) क्रिसमस

(ग) दशहरा का पर्व सत्य और अच्छाई की विजय का क्या माना जाता है ?

(अ) सटीक (ब) बारीक

(स) प्रतीक (द) निर्भीक

(घ) दशहरे से पहले कितने दिनों तक नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है ?

(ङ) दशहरे के दिन जगह-जगह किसका मंचन किया जाता है ?

प्रश्न 2 अपठित काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए | **(1x5=5)**

बात सभी ने यह है मानी,
हवा सुबह की बड़ी सुहानी।
सदा ताज़गी देती है यह,
आलस को हर लेती है यह।
यह रोगी न होने देती,
तनिक न सेहत खोने देती।
सुबह सैर पर जाकर देखो,
हवा निराली पाकर देखो।
अगर सैर पर नित जाओगे,
अच्छी सेहत तुम पाओगे।

(क) काव्यांश में सुबह की हवा को क्या कहा गया है ?

(अ) शैतानी (ब) मनमानी

(स) अनमनी (द) बड़ी सुहानी

(ख) सुबह की हवा सदा क्या देती है ?

(अ) खाना (ब) पैसा

(स) ताज़गी (द) दुख

(ग) सुबह की हवा क्या हर लेती हैं ?

(अ) ताज़गी (ब) आलस

(स) सुख (द) हिम्मत

(घ) सुबह की हवा क्या नहीं खोने देती है ?

(ङ) सैर पर नित जाने पर क्या पाने की बात कही गई है ?

खण्ड'ब'

प्रश्न 3 सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए | **(1x4=4)**

(क) भाषा के रूप हैं-

(अ) पाँच (ब) चार

(स) दो (द) छह

(ख) भाषा के लिखने का ढंग कहलाता है-

(अ) लिपि (ब) भाषा

(स) मौखिक (द) लिखित

(ग) भाषा की सबसे छोटी इकाई है-

(अ) भाषा (ब) इकाई

(स) वर्णमाला (द) वर्ण

(घ) वर्ण के प्रकार होते हैं-

(अ) चार (ब) दो

(स) तीन (द) छह

प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x3= 3)**

(क) किस स्वर की मात्रा नहीं होती ?

.....

(ख) वर्णों का वह समूह जिसका कोई अर्थ हो क्या कहलाता है ?

.....

(ग) संज्ञा के कितने भेद होते हैं ?

.....

प्रश्न 5 प्रश्नों के उत्तर लिखिए **(1x3= 3)**

(क) हम किस संज्ञा को महसूस कर सकते हैं, देख या छू नहीं सकते ?

.....

(ख) हिंदी भाषा में कितने लिंग होते हैं ?

.....

(ग) 'ऊँट' का स्त्रीलिंग शब्द लिखिए ?

.....

खण्ड 'स'

प्रश्न 6 पठित काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए । (1x4=4)

सूरज की किरणों से सीखो, जगना और जगाना ।
लता और पेड़ों से सीखो, सबको गले लगाना ।
दीपक से सीखो जितना, हो सके अँधेरा हरना ।
पृथ्वी से सीखो प्राणी की, सच्ची सेवा करना ।
जलधारा से सीखो आगे, जीवन-पथ में बढ़ना ।
और धुएँ से सीखो हरदम, ऊँचे ही पर चढ़ना ।

(क) सूरज की किरणों से हम क्या सीख सकते हैं ?

(अ) सोना-सुलाना (ब) चलना-चलाना
(स) जगना-जगाना (द) खाना-खिलाना

(ख) दीपक से हमें क्या सीखना चाहिए ?

(अ) अँधेरा करना (ब) उजाला हरना
(स) दीपक हरना (द) अँधेरा हरना

(ग) हम किससे 'प्राणी की सच्ची सेवा करना' सीख सकते हैं ?

(अ पृथ्वी (ब) आकाश
(स) पाताल (द) बादल

(घ) धुएँ से हमें क्या सीखना चाहिए ?

(अ) नीचे पर चढ़ना (ब) ऊँचे पर चढ़ना
(स) सीढ़ी पर चढ़ना (द) ऊपर ना चढ़ना

प्रश्न 7 प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2x3=6)

(क) फूलों से और भौंरों से आप क्या सीख सकते हैं ?

.....

.....

(ख) हर पल चलने वाली चींटी किसका राग सुनाती है ?

.....

.....

(ग) कड़ी धूप या वर्षा में चींटी क्या करती है ?

.....

.....

प्रश्न 8 पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए | **(1x4 =4)**

एक दिन हल्की-हल्की वर्षा हो रही थी | सौरभ घूमता हुआ बगीचे में उसी जगह पर जा पहुँचा | सामने ही लाल-लाल कोंपलों वाला नन्हा-सा पौधा लगा था | पौधा देखते ही सौरभ प्रसन्न हो उठा | "पौधा निकल आया, पौधा निकल आया," कहते-कहते वह अंदर भागा | अपनी छोटी बहन प्रिया का हाथ पकड़कर उसे बगीचे में ले आया | पौधा देखकर प्रिया भी खुशी से उछल पड़ी | सौरभ बोला, "यह पौधा मैंने लगाया है | यह आम का पौधा है | इसमें खूब मीठे आम लगेंगे |"

(क) एक दिन कैसी वर्षा हो रही थी ?

(अ) ज़्यादा-ज़्यादा (ब) भारी-भारी

(स) अधिक-अधिक (द) हल्की-हल्की

(ख) सौरभ घूमता हुआ कहाँ जा पहुँचा ?

(अ) बगीचे (ब) जंगल

(स) घर (द) बाजार

(ग) लाल-लाल कोंपलों वाला कैसा पौधा लगा था ?

(अ) बड़ा-सा (ब) छोटा-सा

(स) नन्हा-सा (द) पतला-सा

(घ) क्या देखकर प्रिया भी खुशी से उछल पड़ी ?

(अ) लकड़ी (ब) पौधा

(स) कपड़े (द) मिट्टी

प्रश्न 9 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2x3=6)**

(क) कनखजूरा किस स्थान में रहते हैं ?

.....

.....

(ख) हमारे देश का राष्ट्रीय फल और राष्ट्रीय पक्षी क्या है ?

.....

.....

(ग) सौरभ को किसने क्या भेजा ?

.....

.....

प्रश्न 10 कोई एक कहानी लिखिए | (5)

प्रश्न 11 अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी प्रगति के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।